Degreesetup.com

**संशोधित प्रस्ताव**

# लोक शिक्षण संचालनालय

छत्तीसगढ़
प्रथम तल, खण्ड–सी, इन्द्रावती भवन, अटल नगर
फोन नम्बर– 0771–2331385, फैक्स नम्बर–0771–2445215, Email Id–cg.dpi.dir@gmail.com

क्रमांक / ESTB-101/207/2025 /205 नवा रायपुर, दिनांक 23/07/2025

प्रति,

सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग
महानदी भवन, नवा रायपुर.

विषय :–माननीय मुख्यमंत्री जी के घोषणा अनुसार 5000 शिक्षकीय पदों पर नवीन भर्ती किये जाने हेतु संशोधित प्रस्ताव विषयक।

संदर्भः– संचालनालय के पत्र क्रमांक / ESTB-101/207/2025 / 179, दिनांक 27.06.2025

–– 000 ––

उपरोक्त संदर्भित पत्र के अनुक्रम में माननीय मुख्यमंत्री जी के घोषणा के परिपेक्ष्य में नवीन प्रस्तावित भर्ती हेतु निम्नानुसार भरे जाने वाले पदों की प्रस्तावित संख्या निम्नानुसार है :–

| स.क्र. | पदनाम | संभावित रिक्त पद |
|---|---|---|
| 1 | सहायक शिक्षक | 2000 |
| 2 | सहायक शिक्षक (प्रयोगशाला) | 200 |
| 3 | शिक्षक (कला संकाय, कृषि, अंग्रेजी एवं संस्कृत) | 1500 |
| 4 | पी.टी.आई. / योग शिक्षक | 300 |
| 5 | व्याख्याता (अंग्रेजी, गणित, भौतिक, रसायन, जीवविज्ञान, वाणिज्य, संस्कृत, कम्प्यूटर तथा कला समूह) | 1000 |
| | योग | 5000 |

उपरोक्तानुसार प्रस्ताव अग्रिम कार्यवाही हेतु निर्देशार्थ प्रेषित है।

संलग्न :– (संक्षेपिका एवं वार्षिक व्यय भार पत्रक)

संचालक
लोक शिक्षण संचालनालय

28 JUL 2025

Degreesetup.com

# संक्षेपिका

## 5000 नवीन शिक्षकीय पदों पर भर्ती

1. माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा 5000 शिक्षकीय पदों पर भर्ती की घोषणा की गई है।

2. स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पूर्व में सीधी भर्ती 2019 एवं 2023 में क्रमशः 14580 एवं 12489 पद विज्ञापित किये गये थे।

3. लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा 15 जून, 2025 की स्थिति में विभाग में शिक्षकीय संवर्ग के सीधी भर्ती के रिक्त पदों की गणना की गई थी। जो इस प्रकार है :–

| स.क्र. | पद का नाम | कुल स्वीकृत पद | सीधी भर्ती हेतु रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| 1 | सहायक शिक्षक | 81721 | 18983 |
| 2 | सहायक शिक्षक (प्रयोगशाला) | 8387 | 1599 |
| 3 | शिक्षक | 61432 | 4384 |
| 4 | कृषि शिक्षक | 324 | 150 |
| 5 | व्याख्याता | 48316 | 5445 |
| योग | | 200180 | 30561 |

**टीप :–** वर्तमान में पदोन्नति एवं सेवानिवृत्ति के कारण उपरोक्त रिक्तियों की संख्या में वृद्धि संभावित है। सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर 2621 बी.एड. अर्हताधारी शिक्षकों जिनकी सेवायें समाप्त की गई थी की नियुक्ति की जा रही है तथा युक्तियुक्तकरण के पश्चात् एकल शिक्षकीय, शिक्षक विहीन एवं अधिक आवश्यकता वाली प्राथमिक शालाओं में सहायक शिक्षकों के पद पूर्ति के पश्चात् वास्तविक आवश्यकता के आधार पर सीधी भर्ती के रिक्त पद की जानकारी दी गई है।

4. सीधी भर्ती 2019 में :– (1) सहायक शिक्षक विज्ञान, (2) सहायक शिक्षक प्रयोगशाला, (3) शिक्षक (अंग्रेजी, गणित, जीवविज्ञान, कृषि एवं व्यायाम), (4) शिक्षक अंग्रेजी माध्यम (अंग्रेजी भाषा, कला एवं विज्ञान) (5) व्याख्याता (अंग्रेजी, वाणिज्य, रसायन, भौतिक, गणित, जीवविज्ञान) के पद विज्ञापित किये गये थे।

Degreesetup.com

## 2019 भर्ती की सारिणी

| स.क्र. | पदनाम | विषय | कुल विज्ञापित पद |
|---|---|---|---|
| 1 | व्याख्याता | अंग्रेजी | 410 |
| | | रसायन | 368 |
| | | वाणिज्य | 553 |
| | | गणित | 670 |
| | | भौतिक | 635 |
| | | जीवविज्ञान | 541 |
| | योग | | **3177** |
| 2 | शिक्षक (हिन्दी माध्यम) | व्यायाम | 745 |
| | | अंग्रेजी | 2000 |
| | | जीवविज्ञान | 1000 |
| | | गणित | 1500 |
| | | कृषि | 196 |
| | योग | | **5441** |
| 3 | शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | अंग्रेजी | 152 |
| | | कला | 152 |
| | | विज्ञान | 152 |
| | योग | | **456** |
| 4 | सहायक शिक्षक (हिन्दी माध्यम) | विज्ञान | **4000** |
| 5 | सहायक शिक्षक (हिन्दी माध्यम) | प्रयोगशाला | **1200** |
| 6 | सहायक शिक्षक (अंग्रेजी माध्यम) | विज्ञान | 153 |
| | | कला | 153 |
| | योग | | **306** |
| | महायोग | | **14580** |

5. सीधी भर्ती 2023 में :– सहायक शिक्षक, शिक्षक, व्याख्याता (वाणिज्य, गणित एवं भौतिकी) के पद विज्ञापित किये गये थे। इस भर्ती में सहायक शिक्षक एवं शिक्षक के पद पर भर्ती विषयवार नहीं की गई है। विज्ञापित पदों का विवरण इस प्रकार है :–

Degreesetup.com

| स.क्र. | पदनाम | विज्ञापित पदों की संख्या |
| --- | --- | --- |
| 1 | व्याख्याता (वाणिज्य) | 66 |
| | व्याख्याता (गणित) | 147 |
| | व्याख्याता (भौतिकी) | 219 |
| 2 | शिक्षक | 5772 |
| 3 | सहायक शिक्षक | 6285 |
| | योग | 12489 |

6. विभाग द्वारा अब तक सीधी भर्ती के माध्यम से शिक्षक कला संकाय, हिन्दी/संस्कृत के पदों पर भर्ती नहीं की गई है। इसी तरह व्याख्याता कला संकाय, संस्कृत, हिन्दी के पदों पर भर्ती नहीं की गई है।

7. हॉयर सेकण्डरी विद्यालयों में समग्र शिक्षा द्वारा स्मार्ट क्लासरूम एवं कम्प्यूटर कक्ष विगत कई वर्षों में उपलब्ध कराये गये है परन्तु व्याख्याता कम्प्यूटर साईंस उपलब्ध नहीं है, इसी कारण भर्ती हेतु व्याख्याता कम्प्यूटर साईंस के पद भर्ती हेतु लिये गये है। इसी तरह व्यायाम शिक्षक एवं योग शिक्षकों की भर्ती भी विद्यालयों में आवश्यकता के आधार पर किया जाना प्रस्तावित किया जा रहा है। विद्यालयों में योग संबंधी पुस्तके प्रतिवर्ष दी जा रही है परन्तु योग शिक्षक की पदस्थापना नहीं होने के कारण इसका समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है।

8. उपरोक्त बिंदुओं के परिपेक्ष्य में 5000 शिक्षकीय पदों पर भर्ती के लिये निम्नानुसार पद एवं रिक्तियों की संख्या प्रस्तावित है :–

| स.क्र. | पदनाम | संभावित रिक्त पद |
| --- | --- | --- |
| 1 | सहायक शिक्षक | 2000 |
| 2 | सहायक शिक्षक (प्रयोगशाला) | 200 |
| 3 | शिक्षक (कला संकाय, कृषि, अंग्रेजी एवं संस्कृत) | 1500 |
| 4 | पी.टी.आई./योग शिक्षक | 300 |
| 5 | व्याख्याता (अंग्रेजी, गणित, भौतिक, रसायन, जीवविज्ञान, वाणिज्य, संस्कृत, कम्प्यूटर तथा कला समूह) | 1000 |
| | योग | **5000** |

9. व्यय भार :– 5000 पदों की पदस्थापना होने पर वार्षिक व्यय भार **रू. 30896.16 (अक्षरी तीन सौ आठ करोड़ छियान्बे लाख सोलह हजार मात्र)** आयेगा। (व्यय भार आंकलन सारिणी संलग्न)

Degreesetup.com

## व्याख्याता, शिक्षक, सहायक शिक्षक वित्तीय भार वर्ष 2025–26

| क्र. | [redacted] पदनाम | संख्या | वेतन लेबल | मूल वेतन | मंहगाई भत्ता | आदिवासी क्षेत्र भत्ता | मकान किराया भत्ता | अन्य भत्ता | योग प्रतिमाह | योग वार्षिक 1 कर्मचारी | महायोग वार्षिक व्यय भार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | व्याख्याता | 1000 | 9 | 38100 | 20193 | 500 | 2667 | 600 | 62060 | 744720 | 744720000 |
| 2 | शिक्षक | 1500 | 8 | 35400 | 18762 | 500 | 2478 | 600 | 57740 | 692880 | 1039320000 |
| 3 | शिक्षक (व्यायाम / योग) | 300 | 8 | 35400 | 18762 | 500 | 2478 | 600 | 57740 | 692880 | 207864000 |
| 4 | सहायक शिक्षक | 2000 | 6 | 25300 | 13409 | 500 | 1771 | 600 | 41580 | 498960 | 997920000 |
| 5 | सहायक शिक्षक(प्रयोगशाला) | 200 | 6 | 25300 | 13409 | 500 | 1771 | 600 | 41580 | 498960 | 99792000 |
| | योग | 5000 | | 134200 | 71126 | 2000 | 9394 | 2400 | 219120 | 2629440 | 3089616000 |
| | राशि लाख में | | | | | | | | | | 30896.16 |

तीन सौ आठ करोड़ छियान्वे लाख सोलह हजार मात्र

उप संचालक
लोक शिक्षण संचालनालय
छत्तीसगढ़,नया रायपुर